जहां तक इस विधेयक का सम्बन्ध है, इसकी नजर में, इसकी धाराओं की नजर में विदेशी रुपया लेना गर्हित नहीं है, निन्दनीय नहीं है, हिसाब उसका नहीं रहता है, यही निन्दनीय है। हिसाब किताब ठीक से रहे विधेयक के जरिए इसी सवाल पर विचार किया गया है और इसी सवाल पर विचार करने का हमें मौका मिल रहा है। विदेशी रुपये के चलते क्या हमारी राजनीति पर, क्या हमारी अर्थ नीति पर, क्या हमारी विचार धारा पर और क्या हमारे जनतन्त्र पर प्रभाव पड़ता है और कहां तक हमारा ईमान बेचता है, इसका कोई जिक्र नहीं किया गया है। आज हम देखते हैं कि पैसे पर ईमान बदलता है। लेकिन ये सब पहलू हैं जिन पर हमें विचार करना होगा और अगर हमने ऐसा किया तो मैं समझता हूं कि कुछ ज्यादा व्यावहारिक नतीजे पर हम पहुंच सकेंगे।

मैं नहीं समझ पाया हूं जब कोई सदस्य कह देता है कि अमरीकी विचारधारा से हम विदेशी हैं या सोवियत संघ की विचारधारा से हम विदेशी हैं। हम भारतीय जानते हैं कि एक समय था जब हमारे देश में अमीर गरीब का फर्क नहीं था, राजा प्रजा का फर्क नहीं था। उस जमाने को सत्युग कहा जाता है। उसे समाज शास्त्री आदि समाजवाद कहते हैं। उस समय अगर कोई भूखा सो जाता था तो वह चोर कहलाता था। यह मैं अपनी बात नहीं कहता हूं। यह ग्रन्थों में लिखा हुआ है। रूस वालों की सभ्यता बहुत बाद की है। अमरीकी सभ्यता का जहां तक सम्बन्ध है वह तो और भी बाद की है। हमारी सभ्यता तो बहुत पुरानी है। हमारी प्रचीनतम सभ्यता यह थी कि समाज में कोई अमीर गरीब न रहे, कोई व्यक्तिगत सम्पत्ति का स्वामी न रहे। यह बात अगर आज भी होती है तो यह भारतीय संस्कृति और भारतीय परम्परा के अनुकूल होगा। तुलनात्मक रूप में हाल के ग्रन्थों में श्रीमद्भागवत, उससे पहले महाभारत और उससे पहले ऋग्वेद छपा था।

भागवत में यह है :

यावत भ्रियते जठरम् तावत स्वतम् हि देहिनाम
अधिकम योभि मन्यत् सः स्तेन दण्ड महर्हति

जो पेट भरने से रह जाता है वह चोर है और दंड का भागीदार। मैं समझता हूं कि जो पूंजी के रक्षक हमारे देश में हैं वे समता की बात को विदेशी समझ लेते हैं। जब वे ऐसा करते हैं तो और बातें जो वे चाहें कहें लेकिन भारतीयता का दावा वे न करें। पुरानी सभ्यता पूंजी की पुजारी नहीं थी, लेकिन आज देश उसका पुजारी हो गया है। इंग्लैंड के पूंजीवाद

[श्री भोगेन्द्र झा]

ने हम को गुलाम बना कर रखा। हम ने उसको पूंजीवादी जनतन्त्र का रूप दिया। हमारा जनतन्त्र पूरा जनतन्त्र नहीं है, पूंजीवादी जनतंत्र है। चुनाव लड़ने वाला व्यक्ति यह बता सकता है कि रुपये के माध्यम से ही लोगों तक पहुंचा जा सकता है। यह जो जनतांत्रिक पहलू है इसको तो हम मानें लेकिन पूंजीवाद वाला पहलू है इसको न मानें क्योंकि यह बाधा उपस्थित करता है, यह रुकावट पैदा करता है, हमारे देश की सभ्यता के विकास में, हमारे देश के विकास में। ऐसी स्थिति में कौन कौन से ठोस रूप हैं जिन रूपों में विदेशी धन, अर्थ आदि हमारे तन्त्र या तन्त्रों को प्रभावित करते हैं, हमारे ईमान को खरीदते हैं।

17.03 hrs.

[Shri K. N. Tiwary *in the Chair*]

मेरी राय में सदन इस पर विचार करे कि क्या सबसे बड़ा जरिया, सब से बड़ा साधन वह नहीं है जो देश में विदेशी कारोबार से रिश्ता जोड़ता है। मैं इसको दोगला पूंजीवाद कहूंगा। यह हमारे देश में पैदा हुआ है। संयुक्त कारखाने हम बना रहे हैं और वे जायज तरीके से भी बन सकते हैं, उसका एक हिस्सा जायज भी है और वह यह है जहां विदेशी हिस्सेदार रहते हैं। मैं उसकी बात नहीं करता। लेकिन आप देखें कि पिछले साल इण्डियन एयरलाइन्ज की बात पकड़ी गई थी। उसके बारे में जो चिट्ठी थी उसकी काफी यहां पर रखी गई थी। वह अकेली घटना नहीं है। ऐसी घटनायें बड़े पैमाने पर होती हैं। हम लोग इसको मानते हैं। देश का एक बहुत बड़ा इजारेदार तबका विदेशी करोड़पतियों से सांठगांठ किये हुए है और वह राष्ट्रीय उद्योगों के विकास में बाधक साबित हो रहा है, राष्ट्रीय अर्थ तंत्र के विकास में बाधक हो रहा है। अगर कहीं अमरीकी कह दे या विश्व बैंक कह दे कि योजना बन्द हो जाए तो हमारे अखबार कहने लग जाते हैं अधिकांश कि प्लान हालिडे हो जाए। उसे हम अपमान नहीं समझते हैं। अगर कहीं अमरीका कह दे कि तुम्हारा आकाश को हम ले लेंगे तो ये कहते है कि हम को अम्ब्रेला मिल गया है, अमरीका हम को छतरी दे रहा है। यह नहीं कहते हैं कि यह एक कलंक की बात है कि एक देश हमारे आकाश में दखल देने की मांग कर रहा है। मैं आग्रह करूंगा कि आप इस पर विचार करें, किस विचारधारा पर जायें, उस पर बाद में आएं।

सदन में विभिन्न विचारधाराओं वाले अखबारों का जिक्र आया है। मैं अपवाद करना नहीं चाहता हूं। लेकिन अखबारों पर यह असर है और खास कर जो अखबार करोड़पतियों के पंजे में हैं, उन पर पूंजी का असर पड़ता है। दो दिन पहले लाओस के मामले पर यहां एक ध्यानाकर्षक का प्रस्ताव आया था और उस पर हमने बहस की थी। अमरीकी अखबार और अमरीकी रेडियो कहता है कि अमरीका का खुफिया विभाग, सी०आई०ए० एक कम्पनी के हवाई जहाज ले कर वहां बमबारी कर रहा है। लेकिन सदन में हमने बहस की कि उत्तर वियतनाम हमला कर रहा है। वह भी हिन्द चीन का हिस्सा और दूसरा भी हिन्द चीन का हिस्सा। सी०आई०ए० वहां पर हमलावर नहीं है इसको बताया जाता है। प्रतिष्ठित अखबारों ने इस प्रकार का फीयर पैदा कर रखा है।

मैंने दोगला पूंजीवाद कहा। यह एक बहुत बड़ा जरिया है। इसके रहते हम विदेशी अर्थ पर लगाम लगाने में कहां तक आगे बढ़ सकते हैं, इस पर आप विचार करें। दूसरे जो हमारी पुरानी नौकरशाही है जिन्होंने गुलामी के दिनों में विदेशों से प्रशिक्षण पाया, उसको भी आप देखें। उसको आप बुरा नहीं मानते हैं। आपने विलायती कानून पढ़ा है। प्रस्तावक महोदय श्री गुप्त को भी विलायत की बात बुरी नहीं लगी। विलायत का उन्होंने नाम तक नहीं लिया।

दो सौ साल की गुलामी में वह विदेशी भी स्वदेशी बन गया। चार का नाम गिनाया लेकिन दो सौ साल की गुलामी ने विदेशी को भी स्वदेशी बना दिया। और भी आप देखें। हम सब जानते हैं कौल के बारे में हंगामा हुआ था। कृष्ण मेनन को श्री नेहरू ने हटाया था क्योंकि वह चीन के प्रति हमदर्दी रखते थे, ऐसा कहा गया था। लेकिन उन्हीं को जापान में अमरीकी कम्पनी के द्वारा एक उच्च पद प्रदान कर दिया गया और ऐसा बरखास्तगी के कुछ ही महीने बाद कर दिया गया। उन्होंने एक किताब छापी। मुल्क में वह बिक रही है और लोग उसको पढ़ रहे हैं। एक उच्च फौजी अधिकारी जिन का नाम मैं नहीं लेना चाहता हूं, उन्होंने अपनी किताब में खुद लिखा है कि बीस साल तक मैं अमरीकी पूंजीवाद के सब से बड़े अखबार का गुप्त युद्ध संवाददाता था। हमारे फौजी अफसर जिन का कोर्ट मार्शल होना चाहिये, अभी भी उच्च पदों पर आसीन हैं। दूसरे अफसरों का पहलू है। तीसरे अखबार का पहलू है। हमारे गुप्त जी गौर करें कुछ साल पहले खुद आर्गेनाइजर और पांचजन्य के सम्पादक अमरीका गए थे। मैं जानना चाहता हूं कौन सी बात सीखने वे गए थे? क्या पत्रकारिता सीखने गए थे? अमरीकी सभ्यता सीखने या देखने गए थे। लेकिन अमरीकी सभ्यता तो चार सौ साल पुरानी है। उससे पहले की अमरीकी सभ्यता को अमरीकियों ने मिटा दिया है, मनीषियों को भी मिटा दिया है। अखबारों के जरिये भी बुरा प्रभाव पड़ता है, वे हमारे ईमान को विकृत करते हैं, हमारी समझ को भी विकृत करते हैं।

चौथे राजनीतिक पार्टियों की बात आती है, राज नेताओं की बात आती है। चारों तरफ से हम प्रभावित हो रहे हैं और करोड़पतियों के अखबार भी राजनीतियों की बात करते हैं तो कुछ को छोड़ देते हैं। एक शब्द भी श्री मोरारजी के बारे में प्रसारित नहीं किया गया। अमरीकी गुप्त एजेंसी का जो युवक संगठन था उसके प्रधान वह थे। इसको उन्होंने प्रचारित नहीं किया इस वास्ते चूंकि उनका अपना रिश्ता उससे था। लेकिन फिर भी राजनीति को बदनाम करते हुए क्या फौजी तानाशाही का रास्ता आप साफ नहीं करते हैं? फौजी तानाशाही फौज के जवान ही स्थापित नहीं करते हैं, वह करोड़पतियों की भी होती है, विदेशी सांठगांठ से भी हो जाया करती है। राजनीतिक भ्रष्टाचार इसका एक हिस्सा है। चार में से एक हिस्सा है।

मैं आग्रह करूंगा कि हम चाहे हम किसी भी विचाराधारा या दल के हों, इस पहलू पर विचार करें। चार इसके मुख्य स्रोत हैं। पांचवां भी हो सकता है। उस पर भी विचार हो, हमें एतराज नहीं है। इन सब स्रोतों को हम बन्द करें, उन पर चोट करें। यह जिससे सम्भव हो सके, उसको आप यहां रखें। हमारी जो समाज नीति है, हमारी जो अर्थ नीति है, वह जिस तरह से आज प्रभावित हो रही है उस पर किस तरह से लगाम लगाई जा सकती है, इसके बारे में विचार करना और उपाय करना हम सभी का लाजिमी कर्त्तव्य हो जाता है।

मुझे निराशा इस बात की है कि यह विधेयक उसमें से किसी का भी प्रयास नहीं करता है। केवल हिसाब रखने की बात इसमें कही गई है। विधेयक उसको पूरा करने का प्रयास भी नहीं करता। प्रयास की बात तो दूर उस पर प्रकाश भी नहीं डालता। मैं गृह मन्त्री से आग्रह करूंगा कि वह ऐसा रास्ता निकालें कि विदेशी धन हमारी राजनीति को, हमारे ईमान को जहां प्रभावित करे, उसके खिलाफ कारगर कदम उठाये जायें। उन कारगर कदमों को उठाये बगैर हम ईमान और बेईमान में फर्क नहीं कर पायेंगे, अच्छे और बुरे में फर्क नहीं कर पायेंगे। इसका कोई रास्ता निकालने के लिये अगर कोई विधेयक लाया जाएगा तो उचित होगा और हम उसका स्वागत भी करेंगे।

श्री तुलशीदास जाधव (बारामती): सभापति महोदय, माननीय सदस्य, श्री कंवर

[श्री तुलशीदास जाधव]

लाल गुप्त, इन्होंने जो बिल रखा है, उसमें तीन बातें कही गई हैं : व्यक्तियों और संस्थाओं को जो मदद मिलती है, उसका हिसाब रखा जाये ; वह हिसाब सरकार को भेजा जाये और सरकार उस हिसाब को पार्लियामेंट के सामने पेश करे। माननीय सदस्य ने इसका कारण यह बताया है :

> "Such aid is received even through some foreign missionaries in India. Such aid is utilised to influence the cultural, economic, political, religious and other activities in this country. This adversely affects the sovereignty and independence of the country. It is, therefore, necessary to keep Indian life and politics away from outside influence."

मेरी समझ में नहीं आता कि जो कुछ माननीय सदस्य चाहते हैं, वह कैसे सम्भव होगा। दूसरे देशों के साथ सांस्कृतिक संबंध बढ़ाने के लिए इन्डो सोवियत कल्चरल सोसायटी और इण्डो-जर्मन कल्चरल सोसायटी जैसी कुछ संस्थाएं यहां काम करती हैं जैसा कि स्वतन्त्र पार्टी के माननीय सदस्य ने कहा है रामकृष्ण मिशन और स्वामी विवेकानन्द दूसरे देशों में हमारे धर्म और संस्कृति के प्रचार के लिये गये थे और आज भी रामकृष्ण मिशन कई देशों में काम कर रहा है। उनके बारे में तो ऐसा कोई सवाल नहीं उठाया गया।

श्री कंवरलाल गुप्त : इनको कुछ तो समझ होनी चाहिए। यह स्वामी विवेकानन्द का मुकाबला फारेन क्रिश्चियन मिशनरीज के साथ कर रहे हैं। इनको कुछ शर्म आनी चाहिए। (व्यवधान)

श्री यमुना प्रसाद मंडल (समस्तीपुर) : सभापति महोदय, इस सदन में एक माननीय सदस्य किसी दूसरे माननीय सदस्य के विरुद्ध में इस प्रकार के शब्दों का प्रयोग करे, यह ठीक नहीं है।

श्री तुलशीदास जाधव : मुझे इस बात का दुख है कि माननीय सदस्य बात तो धर्म और संस्कृति की करते हैं, लेकिन इस आगस्ट हाउस में ऐसे शब्द उच्चारते हैं, जिन्हें रास्ते में दो गुंडे उच्चारते हैं। "किसी को शर्म नहीं है" या "तुमको अक्ल नहीं है," पार्लियामेंट में इस तरह के शब्दों का प्रयोग शोभनीय नहीं है। अगर मैं भी उसी प्रकार के शब्द कहूं, तो ठीक नहीं लगेगा। (व्यवधान)

श्री शिव नारायण (बस्ती) : माननीय सदस्य ने कह तो दिया।

श्री कंवरलाल गुप्त : माननीय सदस्य ने बहुत अच्छे शब्द का उच्चारण किया है।

श्री रणधीर सिंह (रोहतक) : 'गुंडा' शब्द एक्सपंज कर दिया जाये।

श्री तुलशीदास जाधव : मैंने बाहर रास्ते की बात कही है, यहां की नहीं।

बाहर से जो पैसा आता है, अगर उसका उपयोग गलत कामों के लिए किया जाता है, तो सरकार और होम मिनिस्ट्री को उसकी रोकथाम करनी चाहिए। माननीय सदस्य चाहते हैं कि इस देश को कल्चरल, इकानोमिक और पोलिटिकल स्फीयर्ज में दूसरे देशों के प्रभाव से बाहर रखा जाये। यह बात मेरी समझ में नहीं आती है। आज दुनिया में साइंस और टैकनालोजी इतनी तेजी से बढ़ रही है, लेकिन माननीय सदस्य चाहते हैं कि इस देश को उससे अलग रखा जाये। मैं यह नहीं चाहता हूं कि कल्चर या एजूकेशन के नाम पर हमारे देश पर किसी अन्य देश द्वारा दबाव डाला जाये। लेकिन माननीय सदस्य और उनकी पार्टी जो बार-बार क्रिश्चियन मिशनरीज मुसलमान हरिजन और दूसरे लोगों के खिलाफ प्रचार करती है, उससे मुझे बड़ा दुख होता है और शक भी होता है।

आप जानते हैं कि जैन धर्म में "स्याद

वाद" को माना जाता है, जिसका अर्थ यह है कि दूसरों में भी कुछ सच्चाई हो सकती है। सभापति महोदय, आपके आसन के उपर बौद्ध धर्म से प्रेरित "धर्मचक्र प्रवर्तनाय" लिखा हुआ है। इसका अर्थ यह है कि धर्म का प्रचार और प्रसार सभी जगह हो। पार्लियामेंट हाउस के गेट नम्बर 1 से आते हुए सैंट्रल हाल के द्वार पर आपने यह श्लोक भी देखा होगा : "अयं निजः परोवेति गणना लघुचेतसाम्, उदारचरितानाम् तु वसु धैव कुदुम्बकम्" इस आदर्श को मानने का दावा करने वाले लोग यहां पर किसी न किसी निमित्त क्रिश्चियन्ज, मुसलमानों और हरिजनों आदि के खिलाफ बार-बार बोलते हैं, इससे हमें बड़ा दुख होता है।

अगर माननीय सदस्य यह कहते कि इस देश पर अन्य देशों का पोलिटिकल इनफ्लुएन्स न हो, तो वह बात मेरी समझ में आ सकती थी। लेकिन क्या माननीय सदस्य चाहते हैं कि जिस कल्चर में इन्सान इन्सान में भेद भाव किया गया है, एक आदमी को ऊंचा और दूसरे को नीचा समझा गया है, उस कल्चर को बनाये रखा जाये और उन्हीं मान्यताओं को जारी रखा जाये ? मैं उनको कहना चाहता हूं कि दुनिया बड़ी तेजी से बदल रही है और इसलिए उन्हें भी बदलना होगा।

जहां तक इकानौमिक क्षेत्र का सम्बन्ध है, माननीय सदस्य की इकानौमी को कल्पना फ्यूडल सिस्टम की होगी, जिसमें यह समझा जाता है कि मनुष्य को दौलत भाग्य से प्राप्त होती है, लोग गरीब या अमीर भाग्य से हैं। अगर माननीय सदस्य आज भी इस सिद्धांत का प्रचार करना चाहते हैं, तो न तो हिन्दुस्तान में और न ही बाहर कोई उनकी बात को सुनने वाला है।

जहां तक पोलिटिकल क्षेत्र का सवाल है, संसार मे भिन्न-भिन्न विचार-धारायें चलती है। औरत को जिस तरह से पहले जमाने में मकान में बन्द करके पर्दे के अन्दर रखा जाता था, आज वह नहीं हो सकता है। जहां तक रिलिजस प्रभाव का सम्बन्ध है, जैसे-जैसे दुनिया बदलती हे, जैसे-जैसे टाइम बदलता है, जैसे-जैसे विचार और आचार भी बदलते हैं। यह नहीं हो सकता है कि बाहर का किसी प्रकार का कोई इनफ्लुएन्स यहां न पड़े।

माननीय सदस्य ने अपने स्टेटमेंट आफ आबजेक्ट्स एण्ड रीज़न्ज़ में कहा है कि इंडियन लाइफ़ को बाहरी प्रभाव से अलग रखना जरूरी है। मैं यह जानना चाहता हूं कि उन के मन में इंडियन लाइफ़ की क्या कल्पना है। आज संसार के सब देश एक दूसरे के इतने नजदीक आ गये हैं कि एक दूसरे के रहन-सहन और विचारों आदि का प्रभाव पड़ना अनिवार्य है। आज हम दो-चार घंटे में अमरीका और इंगलैंड पहुँच जाते हैं। इसलिए वहाँ के रहन-सहन और विचारों का हम पर प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है। आज के युग में इस देश को, या किसी अन्य देश को, एक अलग कम्पार्टमेंट में बन्द रखना सम्भव नहीं है।

माननीय सदस्य ने कहा है कि बाहर से जो मिशनरी आते हैं, वे अपने पैसे से यहां के लोगों पर असर डालते हैं। क्या हम लोगों के विश्वास और मान्यतायें इतनी कच्ची हैं कि दूसरे लोग इतनी असानी से उनको प्रभावित कर देते है ? यदि हमने यह व्यवस्था की कि बाहर के लोग इस देश में आ कर काम न कर सकें तो दूसरे देश भी ऐसा ही करेंगे।

अगर विदेशी धन का यहां पर कोई बुरा परिणाम होता हो, तो उसकी रोक-थाम के लिए साधारण कानून मौजूद हैं। जिस तरह माननीय सदस्य प्रिवेंटिव डिटेंशन एक्ट के बारे में कहते है कि अवांछनीय कार्यवाहियों को रोकने के लिए साधारण कानूनों का इस्तेमाल क्यों नहीं किया जाता है, उसी तरह विदेशी धन के गलत इस्तेमाल को रोकने के लिए क्यों न देश के साधारण कानूनों से काम लिया जाये। कई ऐसे कानून हैं।

श्री कंवर लाल गुप्त : कौन से कानून हैं ?

श्री तुलशीदास जाधव : होम मिनिस्टर साहब बतायेंगे कि कौन से कानून हैं ।

पुस्तकों और अन्य प्रकाशनों के बारे में माननीय सदस्य ने कहा कि बहुत कीमती पुस्तकें यहां पर बहुत सस्ते दामों पर बेची जाती हैं । मेरी समझ में नहीं आता कि अगर ऐसा सस्ता साहित्य यहां पर आता है, जिस को गरीब लोग भी खरीद कर पढ़ सकते है, तो उस में आपत्ति की क्या बात है । अगर माननीय सदस्य जैसे लोग कोई पुस्तक लिखें, जिसकी कीमत पन्द्रह रुपये रखी जाये, तो कितने लोग उसको पढ़ पायेंगे ?—मामूली आदमी तो उसको नहीं पढ़ सकेंगे । माननीय सदस्य ने जो आर्ग्युमेंट्स दिये हैं, उनके पीछे तो मुझे उनका कोई और ही उद्देश्य मालूम होता है । यहां पर जो सस्ता साहित्य आता है, गरीब आदमी उसको पढ़ सकता है और उससे वह अपने ज्ञान में वृद्धि कर सकता है, अपने विचारों में सुधार कर सकता है, दूसरों के विचारों और अपने विचारों की तुलना कर सकता है । केवल हमारे ही विचार सच्चे हैं और दूसरों के विचार झूठे हैं, माननीय सदस्य यह मत कहां से लाये हैं ? यह मत न तो कुरान शरीफ में है और न ही गीता और वेद में है । यह विचार उनके और जनसंघ के सिर में पैदा हुआ है, जिससे देश का बड़ा नुक्सान हुआ है ।

श्री कंवर लाल गुप्त : आप को चव्हाण साहब कांग्रेस का सिर मानते हैं क्या ? आप को कोई मानता ही नहीं ।

श्री तुलशीदास जाधव : आपके बोलने में मैं कोई बाधा नहीं डालता तो आप क्यों डाल रहे हैं ? मैं आपको उत्तर दे सकता हूं, लेकिन टाइम की वजह से नहीं दे सकता हूं ।

मेरा कहना यह है कि धर्म के नाम पर...

श्री कंवर लाल गुप्त : इसमें धर्म कहां से आ गया ?

श्री तुलशीदास जाधव : अरे भाई, कल्चरल के माने क्या समझते हैं आप ? इसमें यह सब आता है...

सभापति महोदय : आप चेयर को ऐड्रेस कीजिये ।

श्री तुलशीदास जाधव : सभापति महोदय, मैं आपसे विनती करता हूं कि इनको कंट्रोल में रखिए आप ।

सभापति महोदय : आप ईल्ड मत कीजिये बोलिए । और कंवर लाल जी, आप उनको बोलने दीजिये, डिस्टर्ब मत कीजिए ।

श्री तुलशीदास जाधव : दूसरी बात उन्होंने कही कि यहां के कई अफसर भी कुछ अमेरीका को बिके हुए हैं पैसे में । मैं कहता हूं आप एक बड़े माननीय सभासद हैं । जो दिल में आए जैसे रास्ते में बोलते रहते हैं ऐसे ही पार्लियामेंट में भी बोलते रहें, यह तो बड़ी अनुचित बात है । पार्लियामेंट में तो जरा समतोल करके सोच समझ कर के बोला करिए । कल को कोइ सवाल आ जाय, कल को कोई अफसर, खैर नाम तो नहीं लिया लेकिन कोई सवाल उठ जाय तो आपको सिद्ध करना पड़ेगा, कोई कागज है आपके पास जिसके आधार पर आप यह बात करते हैं, कोई प्रमाण है आपके पास ? तो इस तरह से बात नहीं करनी चाहिए जैसे एलेक्शन के प्रोपेगेंडा में बोलते हैं, यह बोलना ठीक नहीं हैं । और यह कहना बुरी चीज है, इतने अफसर यहां पड़े हुए हैं दो चार लाख, उसमें कुछ ऐसे हों...(*व्यवधान*)...कोई पोलिटिकल पार्टी का ज्ञानी कार्यकर्त्ता चाहे वह छोटा से छोटा कार्यकर्त्ता हो लेकिन ज्ञानी कार्यकर्त्ता कभी गलती से भी ऐसी बात नहीं करेगा...

श्री कंवरलाल गुप्त : आन ए प्वाइंट आफ परसनल एक्सप्लेनेशन । मैंने कभी यह नहीं

कहा कि देश के सारे अफसर कोई अमेरिका से या रूस से पैसा लेते हैं। मैंने यह कभी नहीं कहा। मैंने कहा कि कुछ लोग जरूर ऐसे हैं अफसरों में जिनका झुकाव अमेरिका की तरफ है या रूस की तरफ है। मैंने इतना ही कहा है। मैं इनसे प्रार्थना करूंगा हाथ जोड़ कर कि जो मैंने कहा है उस पर यह बोलें। पता नहीं मेरे मुंह में क्या-क्या यह डाल रहे हैं, धर्म डाल रहे हैं, मुसलमान डाल रहे हैं और बोले जा रहे हैं। मैं क्या करूं? आप कृपा करके मेरी इनसे रक्षा कीजिए। मैं आपसे हाथ जोड़ कर विनती करता हूं।

श्री तुलशीदास जाधव : सभापति महोदय, अभी तक 40 वर्ष में मैंने कभी किसी के मुंह में कोई चीज नहीं डाली। उधर से बुरी बात उन्होंने कही तो वह बुरी है इतना ही मैंने कहा है। और कुछ नहीं। राष्ट्रीय संघ ने कहा, मुझे पता नहीं यह उसमें हैं या नहीं, उनका एक और स्लोगन है कि भारतीयकरण होना चाहिए। मेरी समझ में नहीं आता कि इन लोगों को छोड़ कर बाकी सब अभारतीय है क्या? यह किसी को इस तरह से कुछ कहना कहां तक उचित है? मैं आपसे कहता हूं जितने भारतीय अच्छे बनकर यहां कांग्रेस में हों या और दूसरी पार्टी में हों, वह जितने अच्छे कार्यकर्त्ता हैं उतने तुलना की दृष्टि से इनके कार्यकर्त्ता हैं या नहीं, यह इनको देखना चाहिए अपने घर का मामला, दूसरे से कहने का कोई मतलब नहीं है। भारतीयकरण करो, किसी अफसर को नेशनलाइज करो, यह करो, वह करो, यह ठीक है अपने दिल की बात बाहर आप कहिए लेकिन इस तरह से पार्लियामेंट के फ्लोर पर कहना कि यह अभारतीय है, यह दूसरे देश से पैसा लेते है, यह बातें कहना एक अच्छी राजकीय पार्टी के मेम्बर को शोभा नहीं देतीं। एक राजकीय पार्टी कहलाने वाले जैसे उनके लीडर जो हैं अटल बिहारी वाजपेयी, संसद के अन्दर ऐसी अच्छी हिन्दी भाषा बोलने वाले, ऐसी पार्टी के अन्दर ऐसे लोग... (**व्यवधान**)...

एक माननीय सदस्य : अच्छी पार्टी आपने कैसे कहा?

श्री तुलशीदास जाधव : इन्सानियत की दृष्टि से अच्छी कहा है विचार की दृष्टि से नहीं। विचार तो उन के बिलकुल खराब हैं जिन को कि देश में बिलकुल नहीं चलने देना चाहिए।

तो मैं यह कह रहा था कि इस तरह के विचारें यहां रखना उचित नहीं है। इस रीति से दुनिया में जो विचार नए नये फैलते हैं उन को रोकना और हमारा जो विचार और संस्कृति है, केवल वही यहां रहे, तो आदान-प्रदान का जो तरीका है वह बन्द हो जायगा और एक स्टैग्नेंट वाटर की सी व्यवस्था पैदा हो जायगी जैसे पहले जमाने में लोग रहते थे कि अपना अपना काम करना, इस को ऊंचा, उस को नीचा मानना, इस तरह की समाज की रचना वह चाहे कितना भी रात और दिन कुछ भी कहें लेकिन यह हिन्दुस्तान कभी भी इस को सहन नहीं करेगा। सब धर्म के लोगों को साथ लेना यह इस हिन्दुस्तान की परम्परा रही है। जैसे कुरान शरीफ में कहा है कि मुहम्मद साहब के समय में जब क्रिस्चियन लोग अल्प संख्या में वहां पर थे तो उन्होंने कहा कि मेरे राज्य में, मदीना में या जहां भी उन का राज्य था, उसे में उन्होंने कहा कि उन को मैं पहले संभालूंगा। इस रीति से इस देश में जो अल्प संख्या में हैं चाहे भाषा की दृष्टि से चाहे धर्म की दृष्टि से वह सब हमारे भाई हैं। उन को पहले संभालना होगा, और उन को साथ ले कर चलना होगा तब देश का उद्धार होगा।

सभापति महोदय : इस बिल के उपर दो घंटे का समय था। डेढ़ घंटा इस में लगा और अभी बहुत से लोग जो अपना बिल मूव करने

[सभापति महोदय]

वाले थे उनको उस वक्त मौका नहीं मिल सका, वह लोग उस वक्त मौजूद नहीं थे, इस लिए अब में इस डिस्कशन को बन्द करता हूँ और उन को पुकारता हूँ जिन्होंने अपने बिल दिए हैं।

17.27 hrs.

MOTHER'S LINEAGE BILL*

श्री मधु लिमये (मुंगेर) : सभापति महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूँ कि माता के पक्ष की ओर से वंशावली खोजने के अधिकार की व्यवस्था करने वाले विधेयक को पेश करने की अनुमति दी जाय।

सभापति महोदय : प्रश्न यह है कि माता के पक्ष की ओर से वंशावलि खोजने के अधिकार की व्यवस्था करने वाले विधेयक को पेश करने की अनुमति दी जाय।

The motion was adopted

श्री मधु लिमये : मैं विधेयक पेश करता हूँ।

CONSTITUTION (AMENDMENT) BILL*

(Substitution of article 168 and omissin of article 169 etc.)

श्री भोगेन्द्र झा (जयनगर) : सभापति महोदय, मैं प्रस्ताव कर ता हूँ कि भारत में संविधान में आगे संशोधन करने वाले विधेयक को पेश करने की अनुमति दी जाय।

सभापति महोदय : प्रश्न यह है कि संविधान में आगे सशोधन करने वाले विधेयक को पेश करने की अनुमति दी जाय।

The motion was adopted

श्री भोगेन्द्र झा : मैं विधेयक पेश करता हूँ।

JUDGES PROHIBITION ON HEARING IN CERTAIN CASES BILL*

SHRI A. S. SAIGAL (Bilaspur) : Sir, I beg to move for leave to introduce a Bill to regulate the procedure for prohibiting Judges of the Supreme Court or of a High Court from hearing and deciding the matter in which they are biased.

MR. CHAIRMAN : The question is :

"That leave be granted to introduce a Bill to regulate the procedure for prohibiting Judges of the Supreme Court or of a High Court from hearing and deciding the matter in which they are biased."

The motion was adopted

SHRI A. S. SAIGAL : Sir, I introduced the Bill.

17.29 hrs.

HALF AN HOUR DISCUSSION

Impact of Increase in Fourth Five-Year Plan

SHRI S. S. KOTHARI (Mandsaur) : Sir, the decision to increase the public sector outlay by Rs. 1473 crores has been taken under political compulsion. The reduction of Rs. 1016 crores in private sector outlay would appear to be a sop to the redicals in the party who were pressing for such a reduction. The Important point is this. We can have a larger Fourth Five-Year Plan. But then the matching resources have to be found. The Government is unable to spelt out from where those resources emanate, where they are to come from, would I think, this amounts, to an exercise in planned fiscal recklessness.

It appears that the Planning Commission has learnt nothing and forgotton nothing from the their experience of the Third-Plan. The outlays had been increased considerably and the country experienced considerable inflation. Inflation is the most insidious form of taxation. It adversely

*Published in Gazette of India Extraordnary, Part II, Section 2, dated 27.2.70.

affects the common man. If today you see so much frustration and discontentment in the country, it is due to that ; to a great extent, the progress of communism in the country is also attributable to this dissatisfaction.

If we analyse the sources of additional resources for the Fourth Plan, we find that the prospects of foreign aid are not bright. That Government themselves admit. As for additional borrowings, the percentage of savings to national income, as per the Economy Survey presented recently, is about 9. This ratio is not likely to increase substantially. So the scope for additional borrowings is also limited Of necessity, therefore, Government would have to depend on two instruments—taxation and deficit financing.

Coming to the Fourth Plan, from the scheme of resources, we find that there is a gap, according to the planners themselves, of Rs. 2,709 crores, and another Rs. 850 crores. The Plan says that Rs. 2709 crores would be made up by additional taxation while Rs. 850 crores would be raised by deficit financing. The additional outlay for the public sector is Rs. 1473 crores. The total comes to Rs. 5032 crores. That means that the gap is more than Rs. 5000 crores with the additional outlay. How is this to be covered ?

Besides this, there is a balance from current revenues of Rs. 2455 crores which have been taken credit for as against a negative balance of Rs. 419 crores in the Third Plan period. Even if we assume that there will be so much balance through current revenues, the gap is more than Rs. 5000 crores and is not likely to be made up by taxation. It is virtually impossible to do so. I will come to that a little later.

Even if we assume that taxation would be of the order of Rs 2700 crores, the deficit will amount to Rs. 2300 crores. If there is going to be definit financing of this magnitude, it will trigger off an inflation which may be of the runaway type and they would not be able to control it. Actually during the last year, the prices, according to Government's own Economic Survey, have gone up by about 7 per cent. This is not a small figure. If we are going to have further deficit financing of this magnitude, the economy is in for trouble and the prospects of price stability are bleak indeed.

Coming to taxation, according to the Survey, the current ratio of taxation to national income is 13 per cent, for 1969-70, and is to be stepped up to 15 per cent by 1973-74. Most of the direct taxes that have been imposed during the Third Plan period and even previously are borne by the urban sector. Actually it is admitted on all sides that India has the invidious distinction of being the highest taxed country in the world in personal and corporate taxation. In addition to that, we are going in for additional taxation of about Rs. 2700 crores as envisaged in the Plan itself. Further taxation or deficit financing even if levied partly on urban incomes may, in my opinion, create serious problems.

The only other thing that remains is to put the tax on the rural or agricultural sector which becomes very difficult for the hon. Minister because of political factors, or to increase excise duties.

Excise duties have become the favourite source of revenue of the Government. In 1960-61 excise duties amounted to Rs. 901 crores. They went up to Rs. 2,558 crores in 1967-68. Excise duties enter into the cost of commodities and they add to what is known as cost push inflation. Another effect of this is that they contribute to a rigid cost structure which adversely affects the country's exports. If the cost of commodities is analysed, it would be found that 15 to 45 per cent of the cost of commodities is on account of excise duties. The recent Railway Budget, we have seen, has imposed considerable burden on the common man. Third class fares have gone up sleeper charges have gone up. All that also adds to inflation. Then, there is a tremendous amount of freight increase on goods. That again adds to the cost of commodities. All this is going to add to inflation. Inflation is the penalty for all the sins of omission and commission on the part of the Government. By sins I mean fiscal sins or mismanagement or economic mismanagement. It is the ultimate penalty and that is what this country has been paying for the last fifteen years on account of the Government's mistaken policies, and it is the common man who has been suffering.

The Planning Commission has recommended and the Government has accepted an increase in the States' outlay of Rs. 517 crores. That means the States' outlay has

[Shri S. S. Kothari]

increased from Rs. 6,06? to Rs. 6,583 crores. Central assistance, it is said is only Rs. 3,500 crores. Additional resources mobilisation by the States previously was put at about Rs. 1,100 crores. Adding this Rs. 500 crores of additional outlay, it means the States would have to raise more than Rs. 1,600 crores. Are the States going to raise that ? If you see the performance of the States during the first year of the Fourth Plan, eight States have raised an additional taxation of only Rs. 23 crores, while the target is about Rs. 1,600 crores of additional resources which the States have to raise. The fact is that the States are not going to raise the resources and are also going to resort to deficit financing. After all, they take lessons from the Centre and they must follow the precept of the Central Government. Their deficit financing is necessarily financed by unauthorised overdrafts on the Reserve Bank. In spite of what successive Finance Ministers have been saying in this House, the Central Government has not been able to impose fiscal discipline upon the States and these overdrafts continue to increase. Besides, the States are not prepared to tax agriculture, nor is the Central Government. The consequence is that all this outlay would mean printing of currency notes in the Nasik press, at least most of it.

A part of this additional outlay and actually a considerable part of the total plan outlay would be going to public undertakings. It is said that the public sector must occupy commending heights in the economy, and all this jargon is there. All right, let it be so, but what is the result ? Again, according to their own figures in the Economic Survey and elsewhere, on an investment of Rs. 3,?00 crores, of which about Rs. 3,100 crores are in running concerns, there is a net loss of Rs. 35 crores Hindustan Steel has been incurring a loss of Rs. 38 crores in two successive years. If on an investment of Rs. 3,100 crores even a ten per cent return was obtained, it would amount to Rs. 310 crores per year and no deficit financing would be necessary. My submission is that consolidation and not expansion of the public sector projects is necessary.

Besides, efficient and productive utilisation of resources is far more important than large outlays based on over-ambitious planning. Proper implementation would gives lower capital output ration. That means that with less capital you can have more output. If the money is properly utilised, if the public sector concerns are run efficiently, they can serve the interests of growth without inflation ; it can also leave surpluses which can be reinvested in further production. It is imperative to devise fiscal incentives and other measures to activate the investment market. There is almost a crisis of confidence in the private sector on account of various Government policies. The Economic Survey shows that during January-June 1969 the capital raised was only Rs. 22.3 crores as against Rs. 39.5 crores in 1968. That means that the capital raised has gone down. That means less investment. I am doubtful if even Rs. 8984 crores investment envisaged for the private sector in the Plan would be achieved, because a considerable amount of money is going to be transferred from the hands of the private sector to the public sector to finance their plan and non-plan expenditure.

It is stated that in Japan in about two years they build up an industry. In this country it takes two years to get an industrial licence for starting a factory. How can this country progress and achieve self-sustaining growth ? The Government speaks of socialism but increases personal taxation in slabs between 10,000—20,000. That was done in the 1969 budget. That is to say the tax fell on the middle-class. That is the socialism of the Government.

Railway fares on third class passengers are increased. I hope they are reduced. The consequences of a large public sector outlay would be three. The burden on the common man and the middle classes would increase considerably on account of the excise duties and other indirect taxes. If they take to deficit financing which would be necessary and to taxation measures for the money they want to raise, there would be runaway inflation which would be triggerd off as a result of those steps and this Government would not be able to control it. This is a note of warning which I am sounding to the Government and its economic experts. Thirdly, the experience of the Third Plan would be repeated. In my opinion the course appears to be set for another bout of

large, wasteful outlays, deficit financing and inflationary spiralling of prices which would have a severe adverse effect upon the common man.

SHRI S. KUNDU (Balasore) : I do not know when we are going to actually have a real Five Year Plan and when the draft plan will be formalised and placed before Parliament. The country had a long plan holiday. We read that according to the revised draft plan a certain amount of resource mobilisation had been contemplated and I have grave doubts whether it would be possible for us to raise so much resources under the present system of economy in our country. Because the present economy is in a stagnant condition. Though there might be small rises here and there, but generally, it is in a stagnant condition, and this stagnant economy cannot afford such a large scale resources mobilisation unless very repressive measures are taken. In these repressive measures the common man is hard hit. With so much of fluctuation in the increase in real *per capita* income, I wonder how the *Economic Survey* says that now a period has come during which there would be a stable growth. To give an example, the *per capita* income in real terms shows a decline by 0.6 per cent in 1968-69 against an increase of 6.2 per cent in the previous year, that is, 1967-68. If our entire economy is dependent on the will and mercy of Rain God, we do not know how we are going to plan a stable growth.

50 per cent of our national income comes from the agricultural front. Right from 1963-64, the *per capita* national production on the agricultural front has almost remained constant with small variations. On the agricultural front, the *per capita* national production is constant, and there is a wide variation in the real *per capita* income. Added to it, the real consumption of the common man is decreasing where as the need or the necessity or the requirements of luxury items of the rich people are increasing.

To give one or two figures, the *per capita* availability or foodgrains in 1968 was 3.7 per cent less than it was in 1965-66. The *per capita* availablity for consumption of cotton cloth, edible oils and sugar went down by 11 per cent, 14 per cent and 17 per cent respectively in the years 1967-1968 as compared to 1964-65, where as...

MR. CHAIRMAN : This is a speech. Will you put your question now ?

SHRI S. KUNDU : I am coming to it,—whereas the production of motor-cars, air-conditioners and other luxury items went up by 27 per cent and 292 per cent respectively. In such a condition of economy, I have grave doubts whether the resources for the Plan could be mobilised.

Now, coming to the question, since you have fixed me down, I would like to know whether there was a difference between the Finance Ministry and the Planning Commission about the resources mobilisation, and whether the Planning Commission had said that it would not be possible to raise resources for the revised Plan.

Secondly, I would like to know whether in the revised Plan, the employment quotient is not taken into consideration, in spite of all of us being agitated about this point. That means, the question is whether the Fourth Five Year Plan has anything to do with employment and whether the Plan is employment-oriented or not.

For instance, you are spending about Rs. 500 crores for the new steel production. The papers say that you are thinking of projecting a production of six million tonnes of steel during the years to come. When you spend more money for steel production, you will be surprised to know that the employment possibility is cut down by one-third. It is a very shocking revelation to us. When we are told that the modern technology of Germany, Japan and America and their economics are sought to be followed here, in our own country our scientists have failed to meet the modern technology to the best advantage of the people here. Therefore, I would like to know whether the Plan has been employment-oriented and whether the resources which have been spent are adequate to give the barest minimum amenities to the people, to improve agricultural development, and at least to give fresh drinking water and build schools and provide medical amenities to the people in the rural areas.

श्री रणधीर सिंह (रोहतक) : बम्बई को देख कर, कलकत्ता मद्रास और दिल्ली को देख

[श्री रणधीर सिंह]

कर ऐसा मालूम होता है जैसे वह हिन्दुस्तान का हिस्सा ही नहीं है, कोई विदेश है। चार शहरों में हिन्दुस्तान की 56 फीसदी बिजली खत्म हो जाती है यानी दिल्ली में, कलकत्ते में, मद्रास और बम्बई में। अकेले बम्बई में, मुझे बतलाया गया, देश की सारी दौलत का सातवां हिस्सा खत्म हो रहा है, वहीं लग रहा है। इतनी डिस्पैरिटी है शहर और देहात में। हालत यह हो रही है कि देहात के आदमी अपने घरों को छोड़ कर शहरों की तरफ भाग रहे हैं। थोड़ा सा लड़के लड़कियों पढ़ी लिखी हों तो सोचती हैं कि शहर को भागो वर्ना स्टैन्डर्ड कम हो जायेगा। आज यह सोचना फैशन हो गया है कि अगर शहर में रहोगे तो कल्चर्ड आदमी हो, अगर देहात में रहोगे तो जंगली आदमी हो जाओगे।

मैं आप से कहना चाहता है कि प्लैन का नजरिया बदलो। 80-85 फीसदी आदमी देहात में रहते हैं लेकिन आज वह अपने घरों को छोड़ कर धन्धे के लिये बम्बई-कलकत्ता जैसे शहरों को भाग रहे हैं। आज जो कुछ भी लगता है, शहर में, कारखाने शहरों में खुल रहे है। मैं कहना चाहता हूं कि आज जो कुछ लगाइये देहात में लगाइये। देहात में ऐग्रो-इंडस्ट्रीज को बढ़ाइये, देहातों में बिजली ले जाइये। अगर आप को काटेज इंडस्ट्री चलानी हैं तो वह देहातों में चलाइये। सड़कें देहातों में बनाइये। जैसा मेरे मित्र श्री कुष्णू ने बतलाया इस देश की 50 फीसदी आमदनी अकेले देहात से आती है। किसान कोई शहर में तो रहेगा नहीं। क्या वह पार्लियामैंट हाउस में हल चलायेगा? इसलिये मैं आपकी मार्फत कहना चाहता हूं कि आप ने 4,000 करोड़ रुपया डम्प कर दिया है बेकार की चीजों में। अगर आप मुझ से पूछें तो मैं बन्द कर दूं जो बड़े बड़े प्रोजेक्ट आप ने बना दिये हैं। बजाय इस के आप पब्लिक अन्डरटेकिंग्स बनाये 4,000 करोड़ रु० की, आप 2,000 करोड़ रु० देहात में लगायें तो दुनिया भर का प्रोडक्शन हो जाय, देश मालामाल हो जाय और मन्दीपन खत्म हो जाय।

मैं कहना चाहता हूं कि चौथी प्लान जो आ रही है उस में जो शिफ्ट हो वह यह कि उस का रुझान शहरों के बजाय देहातों की तरफ हो, अमीर के बजाय गरीब की तरफ हो और गरीबों में भी किसानों और मजदूरों तरफ हो। अगर आप देहातों को ही शहर बनाइये तो शहर के आदमी देहातों में जाना फैशन समझेंगे। मैं पूछना चाहता हूं कि आपने कितने परसैंट बिजली देहातों को दी है, कितने परसैंट इरिगेशन के लिये दिया है, कितने परसैंट ऐग्रो-इंडस्ट्रीज के लिये दिया है, कितने परसैंट रोड्स के लिये दिया है। अगर आपने दिया होता तो खुशी की बात होती। मैं पूछना चाहता हूं कि जिस जगह आप ने देहातों को रक्खा है क्या वही रखेंगे या उन को आगे बढ़ाना चाहते हैं।

मेरे मित्र श्री कुष्णू ने आंकड़े दिये। मैं समझ नहीं पाया कि वह क्या हैं क्या नहीं। यह गरीब देश है। इस में ज्यादातर आदमी देहातों में बसते हैं। लेकिन यहां बड़ी भारी डिस्पैरिटी है। इस को प्लेन्स से दूर कीजिये। महात्मा गांधी कहते कहते स्वर्गवासी हो गये। अगर आप इस को नहीं करते तो आप के नारे बेकार हो जायेंगे। आप देहात के आदमी की स्टैन्डर्ड आफ लिविंग को अच्छा कीजिये। किसान मजदूर और गरीब मास्टर रो रहे हैं। जो आप के स्टूडेंट्स आते हैं आज आप उन सब लोगों को धन्धे दीजिये। देहात के लिये पांच-दस हजार करोड़ रुपये दे कर वहां फैक्ट्रियां लगाइये। जो भी एम० ए० पास आदमी हो उसको ट्रैक्टर दीजिये। इस से दौलत पैदा होगी और सारा देश मालामाल हो जायेगा। मैं जानना चाहता हूं कि आप इस प्लैन को इस तरह चलायेंगे या अशोक मेहता की लाइन पर रखेंगे। मैं कहना चाहता हूं कि

मैंने जो बातें कहीं अगर आप ने उन पर ध्यान नहीं दिया तो आप की प्लैनों की मोटी मोटी किताबें बेकार हो जायेंगी ।

श्री शिवचन्द्र झा (मधुबनी) : सभापति महोदय, मेरा पहला सवाल यह है कि क्या यह बात सही नहीं है कि पिछले तीन योजनाओं में प्राइवेट सेक्टर बढ़ा है और उन के लिये जो टार्गेट था उन का वह इन्वेस्टमेंट उस से आगे चला गया है ? मैंने तीन योजनाओं में प्राइवेट सेक्टर को बढ़ते हुए देखा है । जिस रफ्तार से वह बढ़ रहा है अगर वही चलती रही तो चौथी योजना में भी वह टार्गेट से आगे चला जायेगा ।

मेरी दूसरी बात यह है कि मान लीजिये सो-कालड ग्रीन रेवोल्यूशन बढ़ा जैसा कि आप कहते हैं, लेकिन पिछले साल जो होलसेल प्राइस इंडेक्स था क्या वह आगे नहीं बढ़ा है । जिस तरह से डेफिसिट फाइनेन्सिंग बढ़ रही है 700-2·0 करोड़ वार्षिक, उस से पांच साल में यह करीब 10 या 11 सौ करोड़ हो जायेगी । नतीजा यह होगा कि इस वक्त जो ऐग्रीकल्चर का प्रोडक्शन बढ़ रहा है उस के बावजूद इन्फ्लेशनरी ट्रेंड बढ़ता चला जायेगा । इस को रोकने के लिये, डेफिसिट फाइनेन्सिंग सख्त रूप से रोकने के लिये चौथी पंच-वर्षीय योजना में आप क्या कर रहे हैं, यह मैं जानना चाहता हूं

तीसरी बात मैं यह जानना चाहता हूं कि आज जो आप साइड दे रहे हैं योजना को, उस को देखते हुए क्या यह बात सही है कि आप फारेन एड पर डिपेंडेंट रहते हैं ? चौथी योजना फारेन एड पर डिपेंडेंट होगी तो वह फारेन एड कितनी होगी विद्या की तीसरी और चौथी योजना के । क्या इस योजना में भी आप उसी तरह फारेन एड पर डिपेंड करते जायेंगे ?

मेरा चौथा सवाल यह है कि आप ने जो प्लैनिंग कमिशन में एक पल्टन लगा रखी है जो दिन रात काम कर रही है, उस से हट कर हमारी अर्थ-व्यवस्था का टेक आफ स्टेट्स पर कभी जायेगा या नहीं, या यों ही आप देश की जनता को गुमराह करते जायेंगे । यह अर्थ-व्यवस्था स्टेट्स की तरफ कब जायेगी क्या आप ने इस की कोई डेडलाइन बनाई है और पंच-वर्षीय योजना की अर्थ-व्यवस्था कब तक सस्टेनिंग अवस्था में आ जायेगी ?

आखिरी बात यह है कि जब आप चौथी योजना पास करायेंगे और जब वह सामने आयेगी उस में आप कुछ सोशलिस्टिक पैटर्न आफ सोसायटी की बात भी करेंगे ? आपने जो एकानमिक प्रोग्राम 1954 में पास किया वह अब बिल्कुल आउट आफ डेट हो गया है । यदि आप ईमान्दारी से उस पर गौर करें तो पायेंगे कि वह सोशलिस्टिक पैटर्न नहीं है । वह हकीकत में कैपिटलिस्टिक पैटर्न है, जिस को आप बढ़ा रहे है । यदि आप समाजवाद चाहते हैं तो आप एकानमिक प्रोग्राम सदन में पास कराइये और सही समाजवाद लाइये, इस तरह की चौथी पंच-वर्षीय योजना ला कर नहीं ।

SHRI SRADHAKAR SUPAKAR (Sambalpur) : I am sorry that we have to ask questions in the dark. The Fourth Plan is supposed to begin from 1st April, 1970. Still, we have not heard of the shape of things to come. When is the National Development Council meeting to finalise the Fourth Plan ? Then, hon. Members have been asking questions about a Plan which does not exist, which is yet to come. Taking a cue from them, I also want to ask a question. What is the source of resources on which a bigger plan is proposed to be formulated ? We are supposed to become self-sufficient in foodgrains from 1971 and stop all food imports. May I know what is the substitute for the counterpart funds PL-480 imports which used to contribute substantially to the Central income ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI P. C. SETHI) : This half an hour debate arises out of the answer that I gave to Unstarred Question No. 195 dated 23rd February, 1970. The question was :

> "Whether it is a fact that Government propose to augment the Fourth Five Year Plan Outlay by Rs. 1,600/- crores ;"

[Shri P. C. Sethi]

My reply was :

"A clear picture regarding the size of the Fourth Plan will emerge after the National Development Council has met and approved the Planning Commission's re-assessment."

First of all, I would like to take the position that so far as the Plan outley is concerned, although the Planning Commission has given a thought to it and although the Cabinet has also considered it, we cannot call it a final Plan as Shri Supakar has rightly pointed out because the Plan would be final only after the NationalDevelopment Council has finalised it.

18.00 hrs

SHRI S. KUNDU : What is the proposal ?

SHRI P. C. SETHI : The proposal is to increase it by Rs. 1,600/- crores. That I have said, but, at the same time I have said that this is only at the stage of a proposal. The final shape of the Plan would be available to the House after the National Development Council meeting.

SHRI S. S. KOTHARI : One year has elapsed. The Plan was to begin not from 1st April, 1970 but from 1st April, 1969.

SHRI P. C. SETHI : That is year-to-year plan. The final picture of the Fourth Plan will be available only after the National Development Council meeting.

The second point that the hon. Member has raised is as to what would be the shortfall in resources for the Fourth Plan, the inflationary pressures as a consequence of the above and Government's estimate of taxation and deficit financing that the economy can bear. I would only like to say at this stage that this would be a sort of an abortive exercise, in the sense that we are having this discussion just on the eve of the Budget and it will be very difficult for me to go into as to how much will be the deficit financing and what would be the taxation proposals. Hon. Members will appreciate that it is only after the Plan is finalised by the National Development Council that the Plan will come before the House and the House will get a full opportunity to discuss it. The Economic Survey has already been presented to the House and the House will get full opportunity to discuss it. Apart from this, the Budget proposals for the next year would give the indication only tomorrow and hon. Members would be able to know what would be the annual plan exercise. Then we can get a full opportunity to discuss all these details.

I certainly appreciate the hon. Member's anxiety to the extent that as far as the Plan is concerned, the Plan outlay which we have adopted should be implemented from year to year in the light of the actual circumstances and bearing in mind the need to avoid inflationary tendencies. That, of course, I could say in a general way.

Apart from the main discussion that the hon. Member has raised during this Half-an-hour debate, hon. Members, Shri Kundu, Chaudhuri Randhir Singh, Shri Supakar and Shri Shiva Chandra Jha, who after posing his questions has left the House, have raised many other questions. You would appreciate that during the time at my disposal—I have already crossed the limit of 6 o'cloek—it would hardly be possible for me to have a full length discussion on the Fourth Plan itself. I certainly appreciete that there should be development of the nature which would give an impetus both to the rural as well as to the industrial sector. In the modern economy it is absolutely impossible to have development of agriculture without a simultaneous development of the industrial sector. Chaudhuri Sahib is asking for a tractor. Tractor means industry ; industry means steel and many other things. Therefore a balanced growth has to come where not only steel but other industries engineering goods and other things—will have to be taken into account.

It is true that our economy is agriculture oriented. Proper attention to the development of the agricultural economy and to the proper development of villages, roads, electrification not only for houses but also for the economy has to be given. I am sure, when the Plan comes before hon. Members, they would have full opportunity to discuss it and present their point of view.

At this moment I have nothing more to add.

18.05 hrs.

The Lok Sabha then adjourned till Seventeen of the Clock on Saturday, February 28, 1970 Phalguna 9, 1891 (Saka).

Printed at Akashdeep Printers, 20 Daryaganj, Delhi-6.